**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.02.2026 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2008 का उत्तर**

**भारत गौरव ट्रेनें**

**2008. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने इन रेलगाड़ियों द्वारा कवर किए गए क्षेत्रों में सांस्कृतिक जागरूकता, घरेलू पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास पर भारत गौरव रेलगाड़ियों के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु से संचालित अथवा वहां से गुजरने वाले मार्गों का ब्यौरा क्या है, यात्रियों की संख्या कितनी है और कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;**

**(ग) क्या स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यवसायों, होमस्टे और पर्यटन पर निर्भर समुदायों पर भारत गौरव रेलगाड़ियों के लाभों का मूल्यांकन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(घ) क्या सरकार तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत, मंदिर वास्तुकला, शास्त्रीय कलाओं और तीर्थयात्रा परिपथों को प्रदर्शित करने के लिए भारत गौरव सेवाओं का विस्तार करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है कि उक्त योजना निजी क्षेत्र के हितों तक सीमित रहने के बजाय समावेशी, टिकाऊ और स्थानीय रूप से लाभप्रद पर्यटन को बढ़ावा देगी?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): भारतीय रेल ने नवंबर, 2021 में 'भारत गौरव रेलगाड़ी' नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत भारत और विश्व के व्यक्तियों को, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थलों**

को दिखाने के उद्देश्य के साथ थीम आधारित पर्यटन सर्किट गाड़ियों को चलाया जा रहा है। इस नीति के अनुसार, सेवा प्रदाताओं को भारत गौरव पर्यटक सर्किट गाड़ियों के परिचालन के लिए थीम/यात्रा कार्यक्रम तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। जिसमें बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर तमिलनाडु राज्य सहित भारत के किसी भी हिस्से के पर्यटक सर्किट शामिल हो सकते हैं। सेवा प्रदाता एक व्यापक पैकेज प्रस्तुत करता है जिसमें रेल परिवहन, आवास, भोजन, स्थानीय सड़क परिवहन, पर्यटन शामिल होता है। अत: यह योजना स्थानीय समाज को लाभ प्रदान करती है जिससे पर्यटन स्थलों का संधारणीय पर्यटन विकास होता है।

भारत गौरव रेलगाड़ियां चेन्नै, कोयम्बत्तूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, रामेश्वरम, तिरुचिराप्पल्ली, तंजावूर, मदुरै, कन्याकुमारी, तिरुवन्नमल्लै आदि सहित तमिलनाडू के विभिन्न पर्यटन स्थलों को कवर करती हैं। दिनांक 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार, भारत गौरव रेलगाड़ियां के 206 फेरे तमिलनाडु के कई अन्य स्थलों के लिए परिचालित किए गए हैं, जिनसे 1,18,646 पर्यटकों को सुगमता प्रदान की गई। इन पर्यटकों ने सड़क परिवहन, होटल, रेस्टोरेंट, फूड आउटलेट, हस्तशिल्प दुकानें और अन्य सुविधाओं जैसी स्थानीय सेवाओं का व्यापक उपयोग किया, जिससे राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

तमिलनाडु सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को कवर करने वाली भारत गौरव पर्यटन सर्किट रेलगाड़ियां निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | भारत गौरव पर्यटन सर्किट गाड़ियां | शामिल पर्यटन स्थल |
|---|---|---|
| 1 | शिर्डी साई मंदिर यात्रा | कोयम्बत्तूर - तिरुपुर - इरोड - सेलम - बैंगलोर -मंत्रालयम- शिरडी और वापसी |
| 2 | श्री रामायण यात्रा | नई दिल्ली - अयोध्या - सीतामढ़ी - जनकपुर (नेपाल) - बक्सर - वाराणसी - |

| | | |
|---|---|---|
| | | प्रयागराज - चित्रकूट - नासिक - हम्पी - रामेश्वरम - कांचीपुरम - भद्राचलम - दिल्ली सफदरजंग |
| 3 | दिव्य काशी-आदि अमावस्या स्पेशल | मदुरै - चेन्नई-विजयवाड़ा- पुरी- कोलकाता- गया- वाराणसी- प्रयागराज- विजयवाड़ा- चेन्नई- मदुरै |
| 4 | ओणम हॉलीडे स्पेशल/फ्रंटियर हॉलिडे स्पेशल | मदुरै - मैसूर-होसपेटे- हैदराबाद- औरंगाबाद- केवडिया/एकता नगर- मडगांव- मदुरै |
| 5 | महालय अमावस्या स्पेशल | मदुरै- प्रयागराज- गया- वाराणसी- अयोध्या- नैमिषारण्य रोड- हरिद्वार- दिल्ली सफदरजंग-मथुरा- झांसी- मदुरै |
| 6 | संपूर्ण यात्रा | मदुरै - चेन्नई - सिकंदराबाद - मानिकपुर - प्रयागराज - अयोध्या - वाराणसी - गया - पुरी - रामेश्वरम - मदुरै - चेन्नई - सिकंदराबाद |
| 7 | शक्ति पीठ स्पेशल | मदुरै - प्रयागराज - वाराणसी - गया - कामाख्या - कोलकाता - पुरी - मदुरै |
| 8 | महाशिवरात्री स्पेशल-काशी यात्रा | कोयम्बत्तूर - सिकंदराबाद - प्रयागराज - अयोध्या - गया - वाराणसी - कोयम्बत्तूर |
| 9 | मासी मागम स्पेशल नव ज्योतिर्लिंग यात्रा | मदुरै - उज्जैन - सोमनाथ - नासिक रोड - औरंगाबाद - नांदेड़ - परली - श्रीसैलम - मदुरै |
| 10 | श्री रामेशवरम-तिरुपति दक्षिण दर्शन यात्रा | मुंबई(सीएसएमटी) - मैसूरू - बैंगलोर - |

| | | |
|---|---|---|
| | | कन्याकुमारी - तिरुवनंतपुरम - रामेश्वरम - मदुरै - तिरुपति - मुंबई(सीएसएमटी) |
| 11 | दक्षिण भारत यात्रा | सीकर - रामेश्वरम - मदुरै - कन्याकुमारी - तिरुपति - मल्लिकार्जुन श्रीसैलम - सीकर |
| 12 | श्री अति रूद्र महा यज्ञम स्पेशल सप्त ज्योतिर्लिंग यात्रा | कोयम्बत्तूर - उज्जैन - सोमनाथ - नासिक रोड - औरंगाबाद - नांदेड़ - कुर्नूल - कोयम्बत्तूर |
| 13 | गोवा समर स्पेशल | मदुरै - मडगांव - मदुरै |
| 14 | कश्मीर वैली स्पेशल | कोयम्बत्तूर - उधमपुर - सड़क मार्ग से श्रीनगर, सोनमर्ग से गुलमर्ग - अमृतसर - आगरा - कोयम्बत्तूर |
| 15 | दिव्य क्षेत्रदानम | नागरकोइल जंक्शन - पुरी - कोलकाता - गया - वाराणसी - प्रयागराज - नागरकोइल जंक्शन |
| 16 | रामेश्वरम मदुरै यात्रा | भगत की कोठी - रामेश्वरम - मदुरै - भगत की कोठी |
| 17 | चेन्नै-मदुरै-यात्रा | चेन्नई - मदुरै - चेन्नई |
| 18 | चार धाम यात्रा | दिल्ली - ऋषिकेश - जोशीमठ - बद्रीनाथ - वाराणसी - पुरी - रामेश्वरम - मदुरै - हम्पी - नासिक - द्वारका - दिल्ली |
| 19 | स्प्लेंडर्स ऑफ डेकन | मदुरै - औरंगाबाद (एलोरा और अजंता) - मुंबई - मडगांव - मदुरै |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | दिवाली गंगा स्नान यातिरई | तेनकासी - प्रयागराज - वाराणसी - गया - रामेश्वरम - तेनकासी |
| 21 | रॉयल राजस्थान विद गोवा एंड स्टैचू ऑफ युनिटी | कोयम्बत्तूर - मडगांव - जोधपुर - जैसलमेर - बीकानेर - जयपुर - अजमेर - उदयपुर - एकता नगर - कोयम्बत्तूर |
| 22 | जैन यात्रा | चेन्नै - पालिताना - चेन्नै |
| 23 | अयोध्या में नव शक्ति पीठ यात्रा के साथ श्री राम कल्याण यात्रा | कोयम्बत्तूर - पुरी - जाजपुर - गया - वाराणसी - अयोध्या - कटरा - मथुरा - उज्जैन - कोयम्बत्तूर |
| 24 | चेंगलपट्टु-प्रयागराज-वाराणसी-चेंगलपट्टु | चेंगलपट्टू - प्रयागराज - वाराणसी - चेंगलपट्टू |
| 25 | तंजावुर-सिकंदराबाद-तंजावुर | तंजावुर- सिकंदराबाद - तंजावुर |
| 26 | अयोध्या के साथ काशी रामेशवरम तीर्थदानम स्पेशल | कोयम्बत्तूर - गया - वाराणसी - अयोध्या - प्रयागराज - कोयम्बत्तूर |
| 27 | नर्मदा पुष्करम स्पेशल | चेन्नै - जबलपुर - प्रयागराज - वाराणसी - अयोध्या - उज्जैन -चेन्नै |
| 28 | पैराडाइस ऑन अर्थ | कोयम्बत्तूर - आगरा - मथुरा - दिल्ली - कटरा - अमृतसर - आगरा - कोयम्बत्तूर |
| 29 | पुण्य तीर्थ यातिरई | तिरुनेलवेली - अयोध्या - प्रयागराज - वाराणसी - गया - तिरुनेलवेली |
| 30 | केदार-बद्री-कार्तिक (मुरूगन) कोविल याथिरई | मदुरै - ऋषिकेश - रुद्रप्रयाग - गुप्तकाशी - केदारनाथ - जोशीमठ - बद्रीनाथ - मदुरै |

| | | |
|---|---|---|
| 31 | उत्तर दर्शन यात्रा | कोयम्बत्तूर - आगरा - दिल्ली - अमृतसर - हरिद्वार - अयोध्या - वाराणसी - गया - प्रयागराज-कोयम्बत्तूर |
| 32 | महालय पक्ष-मोक्ष स्थल यात्रा | मदुरै - प्रयागराज - वाराणसी - अयोध्या - मथुरा - उज्जैन - सोमनाथ - द्वारका - सिद्धपुर - मदुरै |
| 33 | स्वामी उदित चैतन्य यात्रा | मदुरै - मथुरा - अयोध्या - वाराणसी - प्रयागराज - मदुरै |
| 34 | मार्गशीर्ष मासम स्पेशल | चेन्नै - होसपेटे - हासन (कोल्लूर और उडुपी) - मैसूरू - चेन्नै |
| 35 | रॉयल राजस्थान | मदुरै - मडगांव - अहमदाबाद - जोधपुर - जैसलमेर - जयपुर - अजमेर - उदयपुर - एकता नगर - मदुरै |
| 36 | प्रवासी भारतीय यात्रा | दिल्ली - अयोध्या - वाराणसी - पटना - गया - चेन्नै - रामेश्वरम - मदुरै - एरणाकुलम - मडगांव - एकता नगर - अजमेर - आगरा - दिल्ली |
| 37 | थई अमावसई | मदुरै - पुरी - कोलकाता - गया - वाराणसी - अयोध्या - प्रयागराज - मदुरै |
| 38 | महाकुंभ पुण्य क्षेत्र यात्रा | तिरुनेलवेली - प्रयागराज - वाराणसी - अयोध्या - तिरुनेलवेली |
| 39 | वसावी कन्यका परमेश्वरी दर्शन | सेलम - तनुकु (पेनुगोंडा) - सेलम |

| | | |
|---|---|---|
| 40 | श्री क्षेत्र दैव कल्याणोत्स्वम | चेन्नै - प्रयागराज - वाराणसी - जनकपुर - सीतामढ़ी - अयोध्या - नैमिषारण्य - वृंदावन - मथुरा - चेन्नई |
| 41 | 07 ज्योतिर्लिंग यात्रा | मदुरै-उज्जैन-सोमनाथ/वेरावल-नासिक-औरंगाबाद-नांदेड़-परभनी-पार्ली-मरकापुर/श्रीसैलम-मदुरै |
| 42 | राज्य तीर्थ भारत गौरव रेलगाड़ियां | जयपुर-रामेश्वरम-जयपुर |

******